53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.0°c अधिकतम 34.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:51, सूर्यास्त - 6:46 | वर्ष : 53/ अंक : 104 | बुधवार, 16 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

शांति की इच्छा हो तो पहले इच्छा को शान्त करो

डंडे और टोंटी जैसी भाषा किसी मुख्यमन्त्री को शोभा नहीं देती : अखिलेश यादव

उनका तो साफ कहना है, जो जिस भाषा में समझे... समझाएंगे.....

वृद्ध की घर में घुसकर पीट-पीटकर हत्या

मोरना, 15 अप्रैल (बु.)। दो पक्षों में हो रही मारपीट को छुड़ाने के लिए गए वृद्ध के घर में घुसकर पीट-पीटकर हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम कड़ी निजामपुर में बिसना, सौरभ, नितिन, आकाश, शिवकुमार श्रवण की विनोद के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विनोद को छुड़ाने के लिए उसका 60 वर्षीय मामा श्यामलाल छुड़ाने के लिए गया, जिनका लोगों ने बीच बचाव कर दिया। इसके बाद गुस्साए आरोपियों ने श्यामलाल के घर में घुसकर श्यामलाल व उसके पुत्र रमेश पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने श्यामलाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि रमेश की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसके चलते उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। मौके पर पहुंचे एसआई देवेन्द्र ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन न होने पर श्रद्धालुओं में रोष

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नई मंडी के पंजाब नेशनल बैंक में अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर श्रद्धालुओं में रोष देखने को मिला। इतना ही नहीं, इस दौरान गुस्साए भक्तों ने नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा भी काटा और वहीं धरने पर बैठ गए। श्रद्धालुओं का आरोप है कि बैंक कर्मचारी केवल अपने जान-पहचान के लोगों का ही रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं और उनसे मनमानी फीस भी ली जा रही है, जबकि लाइन में घंटों से खड़े आम श्रद्धालुओं की अनदेखी की रही है। कुछ श्रद्धालुओं ने बताया कि वो सुबह 7 बजे से लाइन में खड़े हैं, उन्होंने समय से पहुंचकर सभी जरूरी दस्तावेज जमा किए, लेकिन बैंक स्टाफ ने कोई सहयोग नहीं किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बैंक के अंदर ही अमरनाथ के जयकारों के साथ हंगामा शुरू कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। हंगामा कर रहे श्रद्धालुओं की मांग है कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो, ताकि सभी को बाबा अमरनाथ के दर्शन का अवसर मिल सके। पीड़ित हिमांशु गर्ग ने बताया कि वो सुबह करीब 7 बजे से लाइन में खड़े हैं, लेकिन बैंक वाले कोई ठोस जवाब नहीं दे रहे। सिर्फ अपने जान-पहचान वालों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं, वो भी ज्यादा पैसे लेकर। अगर हमारा रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ, तो हम यहीं धरने पर बैठेंगे।

शाहपुर के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अभिषेक सैनी के घर लाखों रुपए की चोरी

शाहपुर, 15 अप्रैल (बु.)। गांव काकड़ा में अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खिलाड़ी के चाचा के घर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। कस्बे के रामनगर कॉलोनी निवासी अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खिलाड़ी अभिषेक सैनी का मंगलवार की देर शाम तक कस्बे में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया । खिलाड़ी के चाचा अजय सैनी गांव काकड़ा में निवास करते हैं । वह अपने पूरे परिवार व अन्य ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम में आए हुए थे। देर शाम जब वह गांव वापस लौटे, तो उन्हें घर का ताला टूटा मिला । जब वह घर में अंदर पहुंचे कमरे का भी ताला टूटा मिला व कमरे में रखी अलमारी खुली मिली। पीड़ित के भाई नरेंद्र सैनी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान के अलावा नगदी चोरी कर ले गए । पीड़ित ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को देने के साथ कस्बे में रह रहे अपने अन्य परिजनों को दी। सूचना पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। बताया गया कि पीड़ित ने अपनी पुत्री की शादी के लिए घर में सोने चांदी के जेवरात के अलावा अन्य सामान एकत्रित कर रख रखा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

फायरिंग के आरोपी के घर पुलिस का छापा, पुलिसकर्मी ने दरवाजे पर लात मारी

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नगर के खालापार थाना इलाके के सुजडू में पुलिस ने फायरिंग के आरोपी के घर पर छापा मारा। छापे का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें पुलिसकर्मी दरवाजे पर लात मारकर अंदर घुसते दिख रहे हैं। वहीं एक वीडियो में सामान बिखरा पड़ा है। घर के सामान टूटे हुए हैं। वीडियो के आधार पर स्थानीय लोग पुलिस पर तोड़फोड़ और उत्पात मचाने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके साथ बदतमीजी की गई थी, जिसके बाद हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया गया। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि रविवार रात सुजडू में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। हंगामा करने वाला युवक वही था, जिसके खिलाफ 10-15 दिन पहले हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस को उसकी तभी से तलाश है, जो कि पुलिस को देखते ही मौके से फरार हो गया। इसके बाद वहां मौजूद कुछ महिलाओं और उसके साथियों ने पुलिस के साथ अभद्रता की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने न तो कोई तोड़फोड़ की और न ही किसी तरह का नुकसान पहुंचाया। उनका उद्देश्य केवल आरोपी को पकड़ना था, जो पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकला। पुलिस ने वीडियो में दिख रही कार्रवाई को भीड़ को हटाने के लिए जरूरी कदम बताया। दूसरी ओर, वीडियो में दरवाजे पर लात मारते पुलिसकर्मी और बिखरे सामान की तस्वीरों ने स्थानीय लोगों में नाराजगी पैदा की है। उक्त बात को लेकर स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या पुलिस ने जरूरत से ज्यादा सख्ती बरती? थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान का कहना है कि पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और मामले की जांच की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

अवैध हथियार से आत्महत्या मामला, मृतक अमित भारद्वाज पर मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। रामलीला में दमदार भूमिका निभाने वाले सरिया व्यापारी अमित भारद्वाज पर मंडी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस की विवेचना के अनुसार जिस पिस्टल से दिवंगत अमित भारद्वाज ने आत्महत्या की है, वो अवैध हथियार था, जिसको लेकर पुलिस अब इस अवैध असलाहे की जांच में जुटी है। हालांकि ये पहला मामला नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में अमित भारद्वाज को मृत दर्शाकर मुकदमे में एफआर लगाएंगी। घटना के बाद सोमवार देर रात मृतक अमित भारद्वाज के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अमित अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को अकेला छोड़ गए हैं।

मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में मारपीट, चले लात घूंसे

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। शहर के मीनाक्षी चौक पर देर रात एक मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, जब दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे और थप्पड़ों की बरसात कर दी, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कई आरोपी भाग खड़े हुए। हालांकि, पुलिस ने तीन लोगों को मौके पर ही दबोच लिया। घटना देर रात मीनाक्षी चौक की है, जहां किसी मामूली बात को लेकर दो पक्षों के कई लोगों बीच पहले कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों ने बिना कुछ सोचे-समझे लात-घूंसे और थप्पड़ों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस दौरान आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही अधिकांश आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने तेजी दिखाते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी पुलिस के सामने भी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। पुलिस ने तीनों को सिविल लाइन थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों पक्षों के बीच विवाद की जड़ क्या थी। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मीनाक्षी चौक पर इस तरह की घटनाएं अक्सर छोटी-मोटी बातों पर हो जाती हैं, लेकिन इस बार मामला हिंसक हो गया।

भट्टे की दीवार गिरने से मजदूर की दर्दनाक मौत

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। रतनपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर में भट्टे में ईंट की दीवार गिरने से मजदूर की दुखद मौत हो गई, जिसकी सूचना परिजनों को मिली, तो परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि घटना दीवान ब्रिक फील्ड में काम करने वाले मजदूर के साथ हुई, जो ईंटे निकालते समय अंदर घुसा और अचानक ईंटों की दीवार उसके ऊपर गिर गई, जिसमें उस सहित 5 मजदूर दब गये, लेकिन बाकी के 4 मजदूरों ने भाग कर अपनी जान तो बचा ली, लेकिन मजदूर राजन पुत्र दीपचंद निकल नहीं पाया। किसी तरह वहां मौजूद अन्य लोगों ने दीपचंद को बाहर निकाला, जिसको खतौली सीएचसी में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने राजन को मृत घोषित कर दिया। राजन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं जेसीबी की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद दीवार हटाकर अन्य घायल मजदूरों को भी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है।

पूर्व विधायक शाहनवाज राणा और उनके पुत्र समेत पांच पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। जीएसटी चोरी व फर्जी कंपनी के नाम मामले में फंसे पूर्व विधायक शाहनवाज राना और उनके बेटे समेत पांच पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पुलिस अब इस मुकदमे से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने में जुट गई है। आपको बता दें कि शाहनवाज राना इन दिनों यूपी के चित्रकूट जेल में बंद हैं। कुछ ही दिन पहले राणा को वहां शिफ्ट किया गया था। जीएसटी की छापेमारी में राणा स्टील में अधिकारी से बदसलूकी के बाद टारगेट पर आए पूर्व विधायक शाहनवाज राना की मुश्किल थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जीएसटी टीम पर हमले के मामले में जेल गए राणा के खिलाफ फर्जी कंपनी बनाकर जीएसटी चोरी का नया मुकदमा दर्ज हुआ। एकाएक जीएसटी मामले से जुड़े केसों में तो राना को जमानत मिल गई, लेकिन कंपनी के फर्जीवाड़े में जमानत अर्जी अभी भी लंबित है। इसी बीच जिला कारागार में रहते हुए मोबाइल बरामद होने के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राना एक बार फिर चर्चाओं में आए और एक नए मुकदमे ने उनकी मुश्किले बढ़ा दी। उनके खिलाफ एक और नया मुकदमा दर्ज हो गया। मोबाइल कांड के मामले में राणा के समधी और पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी भी चपेट में आ गए। पुलिस ने पूर्व विधायक गाजी को अपने बयान पलटने के लिए तलब किया और मोबाइल कांड के बाद राना को रातों रात यहां से चित्रकूट जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी बीच मंगलवार को सिविल लाइन थाने में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, उनके बेटे शाह आजम राना, कामरान राना, जिया अब्बासी जैदी, तौसिफ के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

विवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी मिली

शाहपुर, 15 अप्रैल (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव बसीकलां में एक 35 वर्षीया विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी मिली। उधर मृतका के परिजनों ने उसकी दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बसीकलां में मंगलवार की सुबह फराज की 35 वर्षीया पत्नी फौजिया खान संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी पर लटकी हुई मिली। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सूचना पर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह व नायब तहसीलदार अमन कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। दूसरी ओर शाम के समय मृतका के पिता रामराज थाना क्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी खालिक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री की शादी 10 सितंबर 2023 को हुई थी। उसने अपनी पुत्री की शादी में अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करने के साथ दहेज दिया था। बावजूद इसके उसकी ससुराल के लोग उसकी पुत्री को दहेज के लिए परेशान करते थे। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज न लाने के लिए उसकी पुत्री की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

S.S.K. PUBLIC SCHOOL
A Senior Secondary Co-Ed. School
(Affiliated to C.B.S.E., Delhi)

S.S.K. CONVENT SCHOOL
(Affiliated to A.I.S., Lucknow)

ADMISSIONS OPEN
Nursery to IX & XI
No Admission Fee for GIRLS & Nursery to U.K.G.

SALIENT FEATURES :
- English Environment
- Games and Sports
- Labs-Physics, Chemistry, Bio., Maths. & Composite Lab
- Well Stocked Library
- Music-Cultural Activities
- Conveyance Facility
- Vast Playground
- Smart Class

4th Km. Roorkee Road, Muzaffarnagar (U.P.)
Mob. : 9368417636 E-mail : sskpublic@gmail.com

ADMISSIONS OPEN 2025-2026

No Admission Fee For Girls

SALIENT FEATURES :
- Emphasis On Spoken English
- Smart Class
- Games And Sports
- Labs-Computer Lab, Science Lab
- Well Stocked Library
- Conveyance Facility
- Equipped With All The Modern Facilities

Sibling Discount

Gandhi Colony, Lane No. 15-16, Muzaffarnagar
Mob. : 9412212246 E-mail : sskconvent@gmail.com

S.S.K. PUBLIC SCHOOL Requires : ACADEMIC HEAD, P.G.T'S : PHYSICS, CHEMISTRY, ACCOUNTS, B.St., ENGLISH, HINDI & P.E.T Contact: 9412212246

वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। थाना नई मंडी पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित चल रहे दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे वांछित फरार गैंगस्टर अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान में नई मंडी पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित चल रहे दो अभियुक्त सुमित श्रीवास्तव पुत्र जगदीश शरण श्रीवास्तव निवासी रामपुरी कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर। राजू श्रीवास्तव पुत्र जगदीश शरण श्रीवास्तव निवासी रामपुरी कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शेरपुर खादर के जंगल में लगी भयंकर आग

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। पुरकाजी थाना क्षेत्र के उदयावाली ग्राम शेरपुर खादर में वन विभाग के जंगल में आग का विकराल रूप दिखने को मिला। आग इतनी भयंकर थी कि किसानों की कई बीघा फसल को इस आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि आसपास खड़ी सूखी झाड़ियों और तेज हवाओं के चलते आग तेजी के साथ जंगलों में फैलती जा रही है। खबर लिखे जाने तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था, जबकि आग के फैलने वाले हिस्सों से सूखी झाड़ियों को काटने का काम भी किया जा रहा था, ताकि आग का दायरा सीमित रह सके और आग से नुकसान कम हो सके।

अनियंत्रित होकर वैन गंगनहर में पलटी

खतौली, 15 अप्रैल (बु.)। अनियंत्रित वैन गंगनहर में अचानक पलट गयी। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा क्रेन की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को वैन में सवार लोग खतौली गंगनहर पुल से होकर गांव फुलत जा रहे थे। बताया जाता है कि गांव फुलत जाने के दौरान गंगनहर पुल से कुछ दूरी पर ही फुलत मार्ग पर अनियंत्रित होकर अचानक गंगनहर में पलट गयी। गनीमत यह रही कि कार में सवार दोनों लोग सकुशल बच गए। वैन के गंगनहर में पलटते ही आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गयी तो सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा क्रेन के माध्यम से वैन गाड़ी को गंगनहर से निकलवाया गया।

जल निगम ने बिगाड़ा तो चेयरपर्सन ने सुधारा

- क्षतिग्रस्त मार्ग का रातों रात किया गया निर्माण

बुढ़ाना, 15 अप्रैल (बु.)। कस्बे की मास्टर कॉलोनी में जल निगम द्वारा बीते वर्ष पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई एक दो किलोमीटर क्षतिग्रस्त पड़ी हुई सड़क की मरम्मत बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल ने संबंधित विभाग के जेई को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बीती सोमवार की देर रात कराई। इन मार्गों पर श्री बालाजी शोभा यात्रा का गुजरना बताया गया था, जिसको लेकर चेयरपर्सन ने बिना किसी देरी के उक्त सड़क की मरम्मत कराकर श्रद्धालुओं को राहत देने का काम किया। यह कार्य पूरी रात चला, जिसमें आधा दर्जन से भी अधिक सभासदों का भी सहयोग देखने को मिला। चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने भी इस मार्ग को दौरा किया और जहां जहां पर भी मरम्मत हुई वहां का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग पर मिट्टी आदि डलवाकर मार्ग की मरम्मत कराई। दरअसल श्री बालाजी का रथ प्रत्येक वर्ष मास्टर कॉलोनी में प्रदीप द्वार से नीचे की तरफ जाता है। सड़क खुदाई के कारण रथ निकलना बेहद मुश्किल था। आयोजन कमेटी ने चेयरपर्सन उमा त्यागी को बताया और ऐसे में उक्त स्थान पर जल निगम के जेई को बुलवाया गया और विशेष रूप से मिट्टी डलवाकर तुरंत मार्ग की मरम्मत कराई।

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 25.43 करोड़ के विकास कार्य के प्रस्ताव पास

बोर्ड मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुए

मीरापुर, 15 अप्रैल (बु.)। मंगलवार को नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में नगर के विकास कार्यों के लिए 25.43 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पास हुए। बोर्ड बैठक में नगर की सड़कों, पथ प्रकाश व्यवस्था, कब्रिस्तान व कुएं का सौन्दर्यकरण व पानी पीने के फ्रिज लगाने जैसे प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुए। नगर पंचायत मीरापुर के कार्यालय के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक चेयरमैन जमील अहमद, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार व सभी सभासदों की मौजूदगी में दोपहर 12 बजे शुरू हुई। बैठक में सर्वप्रथम नगर की समस्याओं पर चर्चा हुई। इसके बाद बैठक में सभासदों की सहमति से नगर के विकास कार्यों के लिए कुल 25 करोड़ 43 लाख रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में नगर की सड़कों के निर्माण और मरम्मत, नई नालियों और ड्रेनेज व्यवस्था व पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए हाईवे पर हाईमास्ट लाईटें व नगर में एलईडी लाइटें लगाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

इसके अलावा कस्बे की पुलिस चौकी व मौहल्ला कमलियान स्थित कब्रिस्तान का सौंदर्यीकरण कराने का प्रस्ताव पास किया गया। वार्ड-7 में मदरसे के समीप जर्जर हालत में स्थित जच्चा-बच्चा केंद्र की मरम्मत तथा प्राइमरी पाठशाला नंबर 2 के सामने स्थित सरकारी कुएं का सौंदर्यीकरण व कच्चा-पक्का मंदिर के पास पुलिया निर्माण कराने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा नगर में खराब पड़े वाटर कूलरों की मरम्मत कराने और नए वाटर कूलर लगाए जाने के प्रस्ताव भी पास किए गए। बैठक में आवारा कुत्तों और बंदरों को पकड़वाने का भी निर्णय लिया गया तथा मच्छरों से बचाव के लिए नियमित कीटनाशक छिड़काव और फॉगिंग की व्यवस्था कराने का भी निर्णय लिया गया। चैयरमैन जमील अहमद ने बताया कि जलभराव से निजात के लिए पड़ाव चौक की सड़क, कच्चा-पक्का मंदिर के तालाब तथा रसूलपुर व मुझेड़ा के तालाबों की सफाई का कार्य भी कराया जाएगा। अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि बैठक में पारित किए गए सभी कार्य शीघ्र शुरू कराए जाएंगे।

चौधरी छोटू राम महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। चौ. छोटूराम महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु "कैरियर काउंसलिंग" विषय पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. केपी सिंह ने कहा कि हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कैरियर में सफलता के लिए सही मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है और ऐसे कार्यक्रम निश्चित ही छात्रों के लिए उपयोगी साबित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भगत सिंह राठी ने टाइम प्रो ऐप के प्रयोग के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की साथ ही टाइम पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसके साथ ही साक्षात्कार, रिज्यूम बनाने, डिजिटल शिक्षा के अवसर, लक्ष्य निर्धारण, समस्या समाधान कौशल के बारे में विस्तार विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बीएससी कृषि, बीएससी विज्ञान तथा बीकॉम के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सेवायोजन इकाई के प्रभारी डॉ. रवीश कुमार वर्मा ने किया।

भूम्मा के निशांत संयुक्त राष्ट्र शांति सेवा मेडल पुरस्कार से सम्मानित

मीरापुर, 15 अप्रैल (बु.)। एक वर्ष से संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए अफ्रीका में तैनात सीमा सुरक्षाबल के 160 सदस्यों के दल में शामिल मीरापुर के गांव भूम्मा गांव निवासी सहायक उपनिरीक्षक निशांत धीमान पुत्र सुरेन्द्र कुमार धीमान को संयुक्त राष्ट्र शांति सेवा मेडल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

निशांत धीमान की इस उपलब्धि से परिवार व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। मीरापुर क्षेत्र के भूम्मा गांव निवासी निशांत धीमान सीमा सुरक्षाबल में सहायक उप निरीक्षक (अनुसचिवीय) के पद पर तैनात है। अप्रैल 2024 में भारत सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल के 160 सदस्यों को शांति सैनिक के रूप में अफ्रीका महाद्वीप में स्थित डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो में भेजा गया था। निशांत धीमान ने बताया कि सभी मापदण्डों को जांचने व विभिन्न स्तर की परीक्षाओं को पास करने के उपरांत ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा शांति सैनिक को भेजा जाता है। एक वर्ष शांति सैनिक के रूप में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ दा कांगो में कुशलतापूर्वक सेवा देने पर बेनी हेडक्वार्टर के मुख्य अधिकारी अब्दुर्रहमान गाडा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पाकिस्तान, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, मालावी, तंजानिया, इण्डोनेशिया, माली, कैमरून, इजिप्त, केन्या, नेपाल, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ दा कांगो आर्मी समेत कई देशों के अधिकारी मौजूद थे।

वर्ल्ड विजन स्कूल में छोटे बच्चों ने भांगड़ा और गिद्दा से मचाई धूम

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बुस.)। विद्यालय में वैशाखी का उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्र पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और सभी को पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक भांगड़ा और गिद्दा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजीव झांकी के माध्यम से किसानों के कठिन परिश्रम और फसल की कटाई का दृश्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कक्षा एक व दो के छात्रों ने गाय के लिए पहली रोटी बेलें प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों ने टिफिन में लाए हुए पंजाबी स्नैक्स का आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ती है।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया 1230-1240, चाकू 1370-1605, लड्डू 1460-1510, खुरपापाड़ 1340-1365, शक्कर मसाला 1510-1530, आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	92700	चांदी-	96400
सिक्का-	10500	गिन्नी-	69270

श्रद्धालुओं ने रस्से से खींचा वीर हनुमान का स्वर्ण रथ

बुढ़ाना, 15 अप्रैल (बु.)। कस्बे के नदी वाला मंदिर में भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। मंगलवार को श्री बालाजी युवा मंच तथा नागरिकों द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। श्री बाला जी महाराज स्वर्ण रथ पर विराजमान हुए। दोपहर लगभग एक बजे मंदिर परिसर से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। जय जयकारों के सा?थ श्रद्धालुओं ने स्वर्ण रथ को रस्से से खींचना आरंभ किया। उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने अबीर व गुलाल उड़ाया। पानी की बोछार से युवाओं में उत्साह बढ़ गया। शोभायात्रा के दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया। शोभा यात्रा के दौरान भगवान शिव, माता दुर्गा, खाटू श्याम और राधा व कृष्ण की झांकियों ने समस्त श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभा यात्रा नदी मंदिर रोड, बड़ा बाजार, पैंठ बाजार, श्रीराम द्वार, बड़ौत रोड और कांधला रोड आदि से होकर गुजरी। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर वीर हनुमान के रथ पर फूलों की वर्षा हुई। इस मौके पर कश्यप समाज की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, सभासद अजय कुमार संगल, नीरज गर्ग, डॉक्टर शेखर, नितिन गर्ग, चिराग गोयल, मोहित कुमार और मुक्तेश त्यागी सहित श्री बालाजी युवा मंच के सभी पदाधिकारी व सैंकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ठेकेदार के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुढ़ाना, 15 अप्रैल (बु.)। कस्बे के चंधेड़ी रोड पर बनाई जा रही सड़क के ठेकेदार के विरुद्ध मंगलवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम को दर्जनों लोगों ने युवा रालोद नेता आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क को लगभग 55 मीटर का टुकड़ा छोड़कर बनाई जा रही है। चंधेड़ी रोड़ कस्बा बुढ़ाना में प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा कस्बा बुढ़ाना की सीमा के बाहरी क्षेत्र ग्राम सफीपुर पट्टी कस्बे की सीमा से लगा हुआ है। अब से पूर्व में बनाई गई सड़क नगर पंचायत की सीमा से लगाकर बनाई गई थी। अब पूर्व निर्माण सड़क का कार्य किया जा रहा है। अब ठेकेदार के द्वारा नगर पंचायत बुढ़ाना की सीमा से लगभग 55 मीटर का टुकड़ा बीच में छोड़कर निषेध किया जा रहा है, जो कि सामाजिक हित में नहीं है। सड़क के दोनों साईडों पर बस्ती निवास करती है। ठेकेदार के इस दोहरे रवैये के कारण बस्तीवासियों से रोष व्याप्त है। इसलिए ठेकेदार के खिलाफ बीच में छोड़े गये टुकड़े को पूर्ण करवा दें, ताकि लोगों को असुविधा ना हो पाए। यहां सचिन कुमार, शाहिद, ज्ञानचन्द, संजय, इनाम, नैन सिंह, नरेंद्र सिंह, नर सिंह आदि मौजूद रहे।

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 16 अप्रैल, 2025

मेष- आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृषभ-व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभदायक, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।

मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश।

कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, धार्मिक कार्यों में रुचि, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।

सिंह- समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्त्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।

कन्या-साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

तुला- आज दिन 10/04 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, जोखिम से हानि, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, सफलता, मनोविनोद।

वृश्चिक- आज दिन 10/04 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

धनु- व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।

मकर- समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्त्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।

कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।

मीन- आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मेपल्स एकेडमी के स्टूडेंट को आग से बचने के उपाए बताए

बुढ़ाना, 15 अप्रैल (बु.)। मंगलवार के दिन बुढ़ाना के कांधला रोड पर गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप स्थित शिक्षण संस्था मेपल्स एकेडमी में अग्नि सुरक्षा उपाय विषय पर चिंतन के लिए लिखित रूप में निबंध प्रतियोगिता एवं चार्ट रूप में आलेख निर्माण का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एकाएक अग्नि के तीव्र एवं भयंकर दहक रूप से स्वयं एवं तत्स्थान को सुरक्षित करने के उपायों को बिंदूवार दर्शाया गया। बच्चों ने विषय की प्रासंगिकता को दृष्टिगत करते हुए अपनो सन्दर्शित विचार को प्रस्तुत किया है, जिसमें मुख्य उपायों में बिस्तर पर लेटकर बीड़ी सिगरेट नहीं पीना, चूल्हे के ईंधन को प्रयोग करने के पश्चात बुझा देना, जलते स्टोव में तेल नहीं डालना, बिजली के तारों को बदलना, सोने से पहले गैस सिलेण्डर को अच्छी तरह से बंद करना आदि अनेक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी बुढ़ाना अन्तराम ने छात्र-छात्राओं के विचारो से प्रभावित होकर उन्हें अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के प्रबंधक राजीव गर्ग एवं प्रधानाचार्या डाक्टर गरिमा वर्मा सहित समस्त स्टाफ की भी उपस्थित देखने को मिली।

सड़क हादसे में बाइक सवार बाप-बेटे की जिंदा जलकर मौत, शादी समारोह से घर लौटते वक्त हादसा

बूंदी, 15 अप्रैल (एजेंसी)। राजस्थान के बूंदी जिले में सोमवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार पिता-पुत्र की जिंदा जलकर मौत हो गई। दोनों एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान नैनवा कारवार रोड पर बामनगांव गांव के पास बाइक की एक अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई, जिसके बाद मोटरसाइकिल में भीषण आग लग गई। इस आग की चपेट में मानपुरा निवासी पिता पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आग इतनी भीषण थी कि दोनों को संभलने का मौका नहीं मिला था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे नैनवां डीएसपी राजूलाल मीणा और थानाप्रभारी कमलेश शर्मा ने गंभीर रूप से झुलसे 35 वर्षीय पिता राजूलाल मीणा और 12 वर्षीय पुत्र विष्णु मीणा को इलाज के लिए नैनवां उप जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया और मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। उनके सामने ही अब पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी और फिर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। डीएसपी राजूलाल मीणा ने बताया कि मानपुरा निवासी राजूलाल मीणा अपने पुत्र विष्णु के साथ नैनवां में आयोजित धाकड़ समाज के शादी समारौह में शामिल होकर बाइक से वापिस गांव लौट रहे थे। इस दौरान बामन गांव के पास अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें दोनों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

नवजात चोरी हों तो अस्पताल का लाइसेंस रद्द करें- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (एजेंसी)। नवजात बच्चों की चोरी और तस्करी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा बयान दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी नवजात बच्चे को हॉस्पिटल से चुराया जाता है, तो सबसे पहले उस अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कर देना चाहिए। बता दें कि शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी दिल्ली-एनसीआर में नवजात बच्चों की तस्करी के गैंग का पदार्फाश होने को लेकर की है। कोर्ट ने इस मामले में आदेश दिया और दिल्ली में पकड़े गए बच्चा चोरी गैंग का जिक्र भी किया है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली गैंग के पदार्फाश होने की घटना हैरान कर देने वाली है, जिसके चलते इसमें कोर्ट के दखल की आवश्यकता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस रिपोर्ट भी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा है कि दिल्ली के अंदर और बाहर से सक्रिय इस तरह के बच्चा चोर गिरोहों से निपटने के लिए उनकी ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? बच्चा चोरी के इस मामले में कई आरोपी फरार हैं, इसको लेकर कोर्ट ने कहा है कि कुछ आरोपी फरार हैं तो उनके खिलाफ ट्रायल कोर्ट गैर जमानती वारंट जारी करें। ट्रायल कोर्ट बीएनएसएस और वढ राज्य कानून के तहत मुआवजे के संबंध में आदेश पारित करने के लिए भी निर्देश दिया।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बाल तस्करी के मामलों को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमे की स्थिति की जानकारी लेने का निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मुकदमों को छह महीने में पूरा करने और मामलों के प्रतिदिन सुनवाई के आधार पर किए जाएंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमारे द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने में अगर लापरवाही बरती गई तो उसे अवमानना के रूप में माना जाएगा।

सुल्तानपुर में पिता-भाई के हत्यारे ने किया सुसाइड, थानाध्यक्ष के सामने कनपटी पर गोली मारी

सुल्तानपुर, 15 अप्रैल (एजेंसी)। सुल्तानपुर में पिता और भाई की हत्या करने वाले ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। अपने घर के अंदर एसओ के सामने अजय यादव ने तमंचे से कनपटी पर गोली मार ली। अजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव वालों का आरोप है कि पुलिस ने एनकाउंटर किया है। मौके से 9 एमएम और 32 एमएम के 2 खोखे मिले हैं। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के सहरी गांव की है। पूरा गांव छावनी में बदल गया है। पुलिस फोर्स के अलावा क्राइम ब्रांच टीम भी यहां पहुंच गई है। गांव वाले बोले- रात में घर आया और छिप गया गांव वालों ने बताया कि अजय यादव सोमवार रात में किसी समय आया और घर में छुप गया। मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे उसका भांजा किताब निकालने के लिए घर आया, तभी पुलिस वाले भी वहां पहुंच गए, जब भांजे ने घर खोला, तो अजय एक कमरे से बाहर निकला। इसके बाद घर के अंदर ही एक गैलरी में चला गया। गांव वालों का कहना है कि उसने तुरंत पिस्टल निकाली और एसओ रविंद्र सिंह के सामने ही ट्रिगर दबा दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसका कई लोगों ने वीडियो बना लिया था, लेकिन पुलिस ने दबाव बनवाकर डिलीट कराया है। अजय यादव मरने से कुछ समय पहले छोटे भाई विजय से मिला था। यह बात विजय ने पुलिस को बताई है। विजय ने बताया कि भाई उससे गले लगकर फूट-फूट कर रोया। विजय ने उससे कहा कि ये तुमने क्या कर दिया? खुद का नाश कर दिया, सबको मार दिया। इस पर अजय कहने लगा कि मैं भी पछता रहा हूं। उस समय मुझे बहुत चढ़ाया गया था। उसने हमसे संतराम शुक्ला, श्याम सिंह, राजदेव, अशोक सिंह का नाम लिया। बोला इन लोगों ने मुझे चढ़ा दिया था। खिलाया-पिलाया और हमें पिता-भाई को मारने के लिए उकसाया। उन्हीं लोगों ने असलहा भी दिए थे। कहा था कि जो होगा, आगे हम देखेंगे। 3 दिन से पुलिस अजय यादव की तलाश कर रही थी। पिता काशी राम और भाई सत्य प्रकाश की हत्या करने वाले अजय यादव की पुलिस करीब 72 घंटे से तलाश कर रही थी। मंगलवार सुबह ही रेल ट्रैक पर पुलिस को उसकी बुलेट मिली थी। बुलेट सबसे पहले अजय के छोटे भाई विजय यादव ने देखी थी। उसने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थाने से आई पुलिस बुलेट को लेकर चली गई। वहीं, गांव वाले पुलिस की सुसाइड वाली कहानी को हजम नहीं कर पा रहे हैं। उनका मानना है कि ये एनकाउंटर है। पुलिस अधिकारी अभी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। पुलिस ने इस मामले में अजय यादव की पत्नी सुनीता यादव, अयोध्या के इनायतनगर में रहने वाले अमर बहादुर यादव और बीकापुर निवासी अरविंद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तीनों पर हत्यारोपी अजय यादव को शरण देने और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 9 एमएम और 32 एमएम के खोखे मौके से मिले पुलिस को 9 एमएम और 32 एमएम के खोखे मौके से मिले हैं। ऐसे में सवाल ये है कि यह असलहा अजय यादव को किसने उपलब्ध कराया? एक गंभीर सवाल यह भी है कि दिसंबर महीने में थाने के सामने अजय ने महेश को पीट दिया था। शिकायत हुई, लेकिन पुलिस ने अजय पर कार्रवाई के बजाय उसे छोड़ा क्यों? कार्रवाई होती तो आज स्थिति ये नहीं होती। उधर, सत्य प्रकाश की बेटी सृष्टि के अलावा उनके बेटे रितेश ने भी एक तहरीर पुलिस को दी है। इसमें कुछ अहम नाम हैं, लेकिन 24 घंटे बाद भी वो नाम केस से जोड़े नहीं जा सके। अजय की पत्नी के जेल जाने के बाद उसके दोनों बेटों को ननिहाल भेजा गया है।

बीड़ी पीने की ऐसी तलब, माचिस नहीं देने पर बना हैवान, सड़क किनारे सो रहे दो लोगों की कर दी हत्या

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (एजेंसी)। दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके से हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक शख्स ने माचिस नहीं देने पर दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी ने देर रात बीड़ी पीने के लिए माचिस मांगी थी। मॉडल टाउन इलाके में दो लोगों के सिर पर वारकर हत्या कर दी गई है। इस घटना की जानकारी पुलिस को एक 17 साल के युवक ने दी थी। युवक ने बताया कि वह जहांगीरपुरी इलाके में रहता है। वह हमेशा रात में गुरुद्वारा नानक प्याऊ में लंगर खाने के लिए जाता है। घटना वाले दिन भी वह लंगर खाने के लिए गुरुद्वारा में पहुंचा था। इसके बाद वह घर जाने के लिए बस का इंतजार करने लगा, लेकिन ज्यादा समय हो जाने के कारण उसे बस नहीं मिली, इसलिए युवक घर जाने की बजाय कृपाल आश्रम के पास फुटपाथ पर सो गया। युवक ने बताया कि रात करीब 2 बजे आरोपी बाबू ने उसे लात मारकर जगाया और बीड़ी जलाने के लिए उससे माचिस मांगने लगे। माचिस नहीं होने पर किशोर ने उसे मना कर दिया था, जिसके बाद वह आगे बढ़ गया था। इस दौरान युवक ने देखा कि बाबू ने आगे एक ग्रुप में बैठे तीन से चार लोगों से माचिस मांगी। इस बीच उसका उन लोगों ने झगड़ा हो गया था। इसके बाद आरोपी बाबू वहां से चला गया। करीब 10 मीनिट बाद वह दोबारा वहां टाइल का टुकड़ा लेकर पहुंचा और फिर उसने सतीश नाम के एक व्यक्ति के सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी न्यू पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड फुटपाथ की तरफ भागा। यहां भी फुटपाथ पर सोए एक व्यक्ति से उसने माचिस मांगी, लेकिन माचिस नहीं देने पर उससे सिर पर भी वार दिया। घटना के बाद दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पंजाब के एक श्रद्धालु ने पुलिस को कृपाल आश्रम के पास फुटपाथ खून से लथपथ पड़े शव की सूचना दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस तुरंत सतीश को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उधर दूसरी जगह हुई हत्या की जानकारी होते ही मुखर्जी नगर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। दोनों घटनाओं एक दुसरे से जुड़े होने की वजह से मॉडल टाउन थाने में एक ही एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बाबू को मॉडल टाउन इलाके से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

ग्राहक बनकर आया चोर! ज्वैलरी की दुकान से 8 उंगलियों में सोने की अंगूठी पहनकर हुआ फरार

बालाघाट, 15 अप्रैल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के बालाघाट में स्थानीय ज्वैलरी शॉप में ग्राहक बनकर आए युवक ने अपनी आठ उंगलियों में सोने की अंगूठी पहनकर फरार हो गया। यह पूरी घटना, दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। दुकान से अंगूठी लेकर फरार हुए युवक ने इस पूरी घटना को 15 मिनट में अंजाम दिया, जिसकी शिकायत ज्वेलर्स ज्वाला सिंह राहंगडाले ने कोतवाली पुलिस से की है। चोर अपने साथ लाया हुआ एक काला बैग उसी दुकान में छोड़कर भाग गया। बैग में यह कंबल और दो टोपी मिली है। चोर करीब 3 लाख 60 हजार रु का माल लेकर फरार हुआ है। ज्वैलर्स ज्वालासिंह रहांगडाले ने बताया कि "सभी अंगूठी लगभग 36 से 37 ग्राम की थी, जिसकी अनुमानित कीमत 3.60 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अंगूठी खरीदने के बहाने युवक दुकान में आया। इसके बाद अंगूठी दिखाने को कहा, फिर वह आराम से बैठकर दुकान में पानी पी रहा था और अंगूठी देख रहा था। इसी बीच वह दो बार बाहर थूकने भी गया, फिर दुकान में आ गया और अंगूठियों का सौदा करने लगा। इसी बीस उसने अपने दोनों हाथों की आठ उंगलियों में सोने की अंगूठी पहना ली और बातचीत करते हुए फिर से थूकने के लिए दुकान के बाहर गया, जिससे उन्हें लगा कि वह थूकने गया होगा, लेकिन जब वह भागने लगा, तो मैं उसके पीछे दौड़ा और वह एक बाइक में बैठकर फरार हो गया। बाइक चालक पहले से उसका इंतजार थोड़ा आगे कर रहा था।" बताया जा रहा है कि घटना के वक्त दुकान में अन्य कोई ग्राहक नहीं था। दुकानदार ने उसे अंगूठी दिखाई और वह अपनी उंगलियो में अंगूठी डालकर देखने लगा। इसी बीच, दुकानदार को घर से फोन आने पर वह, उसे अटैंड कर रहा था। इसी दौरान, उसने दोनों हाथ की उंगलियों में 8 अंगूठी पहनकर बाहर थूकने के बहाने निकला और फरार हो गया, जिसे भागते देखकर दुकानदार भी, उसके पीछे दौड़ा, तब तक वह मोटर सायकिल में फरार हो गया था, जिसकी शिकायत दुकानदार द्वारा कोतवाली पुलिस से की गई है, जहां व्याप

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

बंगाल हिंसा और मिथुन चक्रवर्ती

पश्चिम बंगाल में हिंसा कोई नयी बात नहीं है। कांग्रेस के कार्यकाल में हिंसा होती रही, कांग्रेस से जब सीपीएम के पास सत्ता गयी तो हिंसा हुई, सीपीएम के काल में चुनाव के दौरान हिंसा होती रही, फिर ममता बनर्जी को सत्ता मिली, तब से भी हिंसा जारी है। वहाँ, कहा जाता है कि वोट कम डलेंगे, तब हिंसा होगी, ज्यादा डलेंगे, तब हिंसा होगी, यही बंगाल का इतिहास है। पश्चिम बंगाल हिंसा पर देश के कई नेता बयान देते रहे हैं, लेकिन हिंसा में कोई कमी नहीं आई। योगी आदित्यनाथ लगातार बंगाल हिंसा पर बोल रहे हैं, अब सिने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने इस बारे में चिन्ता जताई है। वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद बंगाल में हो रही हिंसा पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने चिंता जाहिर की। साथ ही ममता सरकार को घेरा है और बयान देते हुए कहा कि राज्य में इसलिए दंगे करवाए जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें पोल खुलने का डर सता रहा है। वक्फ बिल 2025 को लेकर बंगाल में चल रहे विरोध को लेकर मिथुन चक्रवर्ती ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में जो कुछ भी हो रहा है उसे देखकर वो कोई सरप्राइज नहीं हैं। राज्य में ऐसा ही है। एक्टर ने कहा कि यहां हर दिन हर महीने कुछ न कुछ होता रहता है। मिथुन ने मीडिया पर राज्य में होने वाली हर घटना को कवरेज न देने का आरोप लगाया। एक्टर कहते हैं कि कुछ दिनों पहले ही यहां पर एक मां-बाप को मौत के घाट उतार दिया गया था। उनके टुकड़े कर दिए गए थे। वक्फ संशोधन बिल 2025 को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन पर मिथुन चक्रवर्ती ने रिएक्शन दिया और कहा कि ये बहुत ही दुखद है। एक्टर ने सवाल करते हुए कहा कि आखिर ये हो ही क्यों रहा है और अगर किसी को वक्फ कानून पर गुस्सा है, तो गरीबों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है? मिथुन यहीं नहीं रुकते हैं, वह एक और सवाल पूछते हैं कि गरीब लोगों का वक्फ एक्ट से क्या लेना देना है? मिथुन चक्रवर्ती ने साफ किया कि वक्फ कानून मुस्लिमों के लिए ही है। ये उनके हित के लिए है। उन्होंने कहा कि इस एक्ट को ज्यादातर मुस्लिम महिलाओं के हित में बनाया गया है। वो बताते हैं कि इस कानून के तहत ये सामने आ जाएगा कि वक्फ की जमीन का कितने लोगों ने गलत इस्तेमाल किया है। एक्टर ने ये भी दावा किया कि कई लोगों ने जमीनों को किराए पर भी दे दिया है और आराम से बैठकर खा रहे हैं। मिथुन ने आवाज उठाते हुए कहा कि ये पैसा गरीब मुस्लमानों को दिया जाए। वो दावा करते हैं कि लोग एकड़ों जमीन लेकर बैठे हैं और इस पर कंस्ट्रक्शन करवा लिया है। उनको डर है कि ये टूट जाएगा, इसलिए वो दंगा करवा रहे हैं और दंगा करने वालों को तो कुछ समझ तक नहीं आ रहा है कि ये हो क्या रहा है। मिथुन ने ये भी कहा कि दंगाइयों को चढ़ाया जा रहा है। मिथुन ने ममता सरकार को भी घेरा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या नहीं करने दिया जाएगा? क्या वो यही नहीं करने देंगी कि जिन लोगों ने इसका फायदा उठाया वह बाहर न आएं? मिथुन ने ममता सरकार से कहा कि उनको तो ये करना चाहिए कि जो कुछ हुआ है उसे बाहर लाकर मुस्लिमों से कहना चाहिए, इसका फैसला वो खुद करें। एक्टर ने दावा किया कि वक्फ की जमीन से हजारों करोड़ों का घोटाला हुआ है। अगर ऐसा हो गया, तो बहुत से लोगों का पदार्फाश हो जाएगा। बीजेपी पर दंगा करवाने वाले आरोपों पर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि ममता बनर्जी हर बार यही बोलती हैं। उन्होंने रामनवमी जुलूस का उदाहरण देते हुए कहा कि डेढ़ से दो लाख लोग होने के बाद भी एक पत्थर तक नहीं हिला। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी दंगा करती है तो यहां भी दंगा होना चाहिए था, फिर क्यों नहीं हुआ। उन्होंने पूछा कि मुर्शिदाबाद में बीजेपी तो है नहीं फिर कौन दंगा कर रहा है। फालतू ही बीजेपी को बदनाम किया जा रहा है। मुर्शिदाबाद में तीन लोगों की मौत और भांगर में पुलिस पर हमले जैसी घटनाओं के बाद अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शांति की अपील कर रही हैं। जाफराबाद सहित अन्य इलाकों में अंदर गए तो हिंसा में शामिल दंगाइयों ने जवानों पर हर तरफ से हमला किया। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी को सत्ता में बनाए रखने के लिए बंगाल को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। वह राज्य को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। यह बयान उस समय आया है, जब वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़क गई। बीजेपी का कहना है कि ममता सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने राज्य की पुलिस और मंत्री को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि विरोध करना सबका अधिकार है, लेकिन यह हिंसक तरीका बिल्कुल गलत है। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि अगर कोई विरोध करना चाहता है, तो शांतिपूर्ण तरीके से करे, लेकिन जो कुछ मुर्शिदाबाद में हुआ, वह सही नहीं है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति के कारण जंगल राज बन गया है। यहां पुलिस कार्रवाई नहीं करती, जबकि दूसरे राज्यों में कानून के तहत सख्त कदम उठाए जाते हैं। सुवेंदु अधिकारी का कहना है कि कुछ लोग बंगाल में माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें दूसरे राज्यों में ऐसा करने का मौका नहीं मिल रहा है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने मुर्शिदाबाद को लेकर कल फिर बयान दिया। सीएम ने कहा कि बंगाल जल रहा है, वहां की मुख्यमन्त्री चुप हैं। दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे। सेक्युलरिज्म के नाम पर दंगाइयों को खुली छूट दे दी है। सीएम ने कहा कि पिछले 1 हफ्ते से मुर्शिदाबाद जल रहा है, सरकार मौन है, इस प्रकार की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। मुख्यमन्त्री योगी ने कहा कि मैं धन्यवाद दूंगा इस बात के लिए वहां के न्यायालय को कि वहां पर केंद्रीय बलों को तैनात कर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की व्यवस्था के लिए कदम उठाया है। आज केंद्रीय बल वहां तैनात हैं। आपने वहां की पीड़ा सुनी होगी। सब लोग मौन हैं, कांग्रेस, सपा, टीएमसी मौन हैं, वह धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं। बांग्लादेश के अंदर जो हुआ था, वो उसका समर्थन कर रहे हैं। अगर बांग्लादेश अच्छा लग रहा है, तो वहीं चले जाएं, क्यों भारत की धरती पर बोझा बने हुए हो।

चार तीर

सुनील उत्सव

'केला' 'तस्वीरें' 'गम' 'गरीब'

एक केला बांटते हो और तस्वीरें हजार,
बिन जताए दोस्तो अहसान करना चाहिये।
गम की चादर को लपेटे जी रहे असली गरीब,
उन गरीबों का भी अब उत्तथान करना चाहिये।

चाट बाजार के दुकानदारों ने की ईओ से मुलाकात

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। टाउन हाल रोड पर लगने वाले चाट बाजार को पालिका प्रशासन द्वारा हटाने के लिए उठाए सख्त कदमों के बीच मंगलवार को दुकानदारों ने स्वयं यहां से अपनी अस्थाई दुकाने और ठेले हटा लिए हैं। ठिए हटाने के बाद सभी दुकानदारों ने ईओ से उनके कार्यालय में मुलाकात की। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जानसठ पुल के नीचे इन दुकानदारों को भविष्य में शिफ्ट होने की बात की, जिस पर दुकानदारों ने दो दिन का समय मांगा। नगर पालिका के बाहर टाउन हाल रोड पर लंबे समय से जारी चाट बाजार पर पालिका प्रशासन द्वारा सौन्दर्यकरण कराने के नाम पर इस परिसर को खाली कराने का फरमान जारी किया है। जिस कारण चाट बाजार समेत अन्य कारोबार में लगे दर्जनों परिवारों पर रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। ईओ के निर्देश के बारे में कर निर्धारण अधिकारी द्वारा चाट बाजार का ठेका खत्म होने के बाद यहां से चाट बाजार को हटाने के निर्देशों के बीच की गई असमर्थता के चलते ईओ डा. प्रज्ञा सिंह ने सख्ती दिखाते हुए उक्त स्थान पर नोटिस चस्पा करा दिए, जिसमें 15 अप्रैल तक सभी दुकानदारों को दुकानें और ठेले हटाने की चेतावनी दी गई। ईओ के नोटिस के बाद सभी ने मंगलवार को यहां से दुकानों को हटा लिया है। इसके बाद सभी दुकानदार ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से मिलने के लिए पालिका कार्यालय में पहुंचे। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने इन दुकानदारों से अपना कारोबार करने के लिए जानसठ पुल के नीचे चाट बाजार को शिफ्ट किए जाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यहां पर लाईट व पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी, लेकिन उक्त दुकानदार अभी यहां जाने के लिए तैयार नहीं है। दुकानदारों ने सोल्जर बोर्ड, होली एंजिल्र्स स्कूल के बाहर आदि स्थानों पर चाट बाजार लगाने की मांग की।

स्कूलों की मनमानी के खिलाफ क्रांति सेना का प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। जिला कलेक्ट्रेट पर क्रांति सेना महिला मोर्चा ने प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों और शिक्षकों के शोषण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने और सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट स्कूल अभिभावकों का जमकर शोषण कर रहे हैं। आरोप लगाया कि स्कूल अपने चहेते पब्लिकेशन कंपनियों से 60 प्रतिशत तक कमीशन लेकर अभिभावकों को कॉपी-किताबें कई गुना महंगे दामों पर खरीदने पर विवश कर रहे हैं। अभिभावकों को पाठ्यक्रम और ड्रेस उन निश्चित एवं चुनिंदा दुकानों से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जहां पर स्कूल प्रबंधन का कमीशन सेट होता है। क्रांति सेना महिला मोर्चा ने स्कूलों के उस नए पैटर्न पर भी घोर विरोध जताया, जिसके तहत स्कूल में पहले से पढ़ रहे छात्र-छात्रा को पास होने के बाद अगली कक्षा में पहुंचने पर दोबारा से हर बार एडमिशन कराना होता है, जिसके लिए स्कूल प्रबंध तंत्र अभिभावकों से हर साल एडमिशन फीस वसूलते हैं। क्रांति सेना ने शिक्षकों के साथ भी शिक्षण संस्थानों द्वारा किए जा रहे अन्याय का मुद्दा उठाया। संगठन का दावा है कि स्कूल शिक्षकों से 18 से 20 हजार रुपये की वेतन रसीद पर हस्ताक्षर करवाते हैं, लेकिन उन्हें केवल 5 से 7 हजार रुपये का वेतन दिया जाता है। संगठन ने मांग की कि उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारा जाए और उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति से लैस किया जाए, ताकि अभिभावकों को प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से निजात मिल सके। प्रदर्शन के दौरान क्रांति सेना ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से त्वरित कार्रवाई की अपील की। सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि मंगलवार को प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ मनमानी किए जाने के आरोप और हर साल फीस बढ़ोत्तरी एवं कमीशनबाजी को लेकर 4 अलग-अलग संगठनों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। इसके लिए डीएम महोदय के दिशा-निर्देश पर बीएसए के साथ बैठक कर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

सरकार कर रही अच्छा कार्य, जिसके आएंगे अच्छे परिणाम: विजय कौशल

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। देश के जाने-माने कथा वाचक एवं मानस मर्मज्ञ संत प्रवर विजय कौशल महाराज ने कहा कि इस वक्त देश-प्रदेश में सरकार अच्छे कार्य कर रही है, जिसके आने वाले समय में सुखद परिणाम भी आएंगे। हालांकि उन्होंने वक्फ संशोधन कानून पर कहा कि यह संसद के द्वारा पारित संवैधानिक कानून है लेकिन इसे लागू करने से पूर्व व्यवहारिक, सैद्धांतिक व भावनात्मक तीनों पक्षों का ध्यान रखा जाना चाहिए। मुजफ्फरनगर में रुड़की रोड पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आयुष बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा एवं महामृत्युंजय सेवा मिशन के संयोजक संजीव शंकर महाराज के आवास पर बीते दिवस पहुंचे संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार दोनों बहुत ठीक काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री पूरी तरह प्रामाणिक है, 24 कैरट प्रमाणिक है। उनकी नीयत भी प्रामाणिक है व उनकी इच्छा शक्ति भी प्रामाणिक है उनके परिश्रम भी प्रामाणिक है जिसके बहुत अच्छे परिणाम आएंगे। संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने वक्फ संशोधन कानून के बारे में कहा कि देश में जो कानून आया है वह संवैधानिक है, लोकसभा द्वारा पास किया गया है। उन्होंने कहा कि एक होता है व्यावहारिक पक्ष, एक होता है सैद्धांतिक पक्ष, एक होता है भावनात्मक पक्ष इन तीनों पक्षों को ध्यान में रखने के बाद ही कोई कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई बात सही है लेकिन लोक विरुद्ध है तो उसे नहीं करना चाहिए, यही शास्त्र का वचन है। उन्होंने कहा कि लिए गए निर्णय पर उनका कोई कमेंट नहीं है जो है वह ठीक है, लेकिन किसी एक विषय को लेकर देश में हर समय तनाव, झगड़ा फसाद आदि नहीं होना चाहिए। इससे देश व समाज का नुकसान होता है। समाज टूटता है और खाईयां बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने 400-500 वर्ष पूर्व मंदिर तोड़कर दूसरे धर्म के धर्म स्थल बनाए, उन्होंने पाप किया था वह तो पाप करके चले गए और हम भूल भी गए। बहुत प्राचीन 400-500 वर्ष पूर्व घटनाएं हो गई उन्हें उठाकर कुरेदना ठीक नहीं, अगर ऐसा वातावरण बना ताकि सहमति से हिंदुओं की जो चीज वापस मिले तो सही रहेगा। इस पर सीधे तौर पर वह कोई कोई कमेंट नहीं करेंगे। इस दौरान संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने महामृत्युंजय सेवा मिशन के संयोजक संजीव शंकर महाराज को अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा, संजीव शंकर महाराज, आशुतोष शर्मा, शलभ कौशिक एड., डॉ. श्वेता कौशिक, जानकी कौशिक, डॉ. सुधीर दत्त भारद्वाज एवं रीता भारद्वाज ने उनकी अगवानी कर आशीर्वाद लिया।

भाकिम संयुक्त मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस बीच अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाने के साथ प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और प्रशासन को सौंपे प्रधानमंत्री को संबोधित इस ज्ञापन में किसानों, मजदूरों और आम जनता से जुड़े तमाम मुद्दों पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा निदान कराए जाने की मांग की। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंपे भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने मांग की कि देश के किसानों को उद्योगपतियों की तर्ज पर कर्जमुक्त किया जाए, ताकि उन पर आर्थिक बोझ न रहे और वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। दूसरी मांग में वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन को बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह किए जाने की मांग की गई, जिससे बुजुर्गों और विधवाओं को सहारा मिल सके। इसके अलावा जनपद में प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी वसूली पर रोक लगाने की बात कही गई। मोर्चा ने इन स्कूलों के पाठ्यक्रम और शुल्क को निर्धारित कर उसकी सूची सार्वजनिक की जाने की मांग की, ताकि अभिभावकों से अवैध वसूली पर अंकुश लगाया जा सके।

स्वामी कल्याण देव युवा विकास समिति ने की भारत रत्न देने की मांग

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। स्वामी कल्याणदेव को भारत रत्न दिलाए जाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। बीते दिनों कई संगठनों ने इस मांग को लेकर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री से शिक्षा ऋषि स्वामी कल्याण देव को मरणोपरांत भारत रत्न दिलाए जाने की मांग की थी। मंगलवार को इस मुद्दे को लेकर स्वामी कल्याण देव युवा विकास समिति ने प्रधानमंत्री के नाम डीएम को सौंपे ज्ञापन में स्वामी कल्याणदेव को भारत रत्न देने की मांग की। मंगलवार को विकास भवन में डीएम उमेश मिश्रा से स्वामी कल्याण देव युवा विकास समिति के दर्जनों पदाधिकारीं ने गांधी पॉलिटेक्निक के पूर्व प्राचार्य रामपाल सिंह के नेतृत्व में मिले। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में युवा विकास समिति ने बताया कि 128 वर्षीय दिवंगत संत स्वामी कल्याण देव जी महाराज ने समूचे उत्तर प्रदेश में शिक्षा के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सैकड़ों संस्थानों की इस बीच स्थापना की। उन्होंने मांग की कि 80 वर्षीय मदर टेरेसा को समाज सेवा के लिए भारत रत्न दिया गया था, ऐसे में स्वामी कल्याण देव महाराज को भी देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया जाना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता अभिषेक चौधरी, ओपी चौहान, वेदपाल, सुनील तोमर, पुष्पेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

बालाजी की शोभायात्रा में अतिथियों को किया गया सम्मानित

बुढ़ाना, 15 अप्रैल (बु.)। नगर में ऐतिहासिक श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा में स्वर्णिम रथ पर विराजमान बाबा के दीवाने गाते झूमते हुए बालाजी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। बुढ़ाना कस्बे की यह शोभा यात्रा अपने आप में एक विशेष महत्व रखती है। इस दौरान शाहपुर कस्बे से आए दैनिक शाह टाइम्स के पत्रकार भाग्य शर्मा और गोविंद वर्मा को समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अंकुर गुप्ता और हर्षित बंसल आदि ने संयुक्त रूप से स्मृति चिह्न एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। दूसरी ओर बालाजी शोभा यात्रा में भंडारे का आयोजन भी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार के दिन कस्बा बुढ़ाना में बालाजी जन्मोत्सव पर निकल रही भव्य शोभायात्रा में पुराने डाकघर सांवरिया स्वीट्स के पास एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तजनों को कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप, डॉक्टर शेखर कुमार, डॉक्टर विशाल कुमार पाल, अंशुल पाल, गौरव शर्मा, पुनीत शर्मा, आयुष गोयल, राहुल वर्मा, शंकर पाल, विनय कश्यप, आशु पाल, दीपक गोयल और बबलू वाल्मीकि आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

डीएवी इंटर कॉलेज में संपन्न हुई चित्रकला प्रतियोगिता

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। डीएवी इण्टर कॉलेज में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों पर कैसे विजय प्राप्त करें। प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाने का रहा। इस दौरान चित्रकला प्रवक्ता प्रवीण सैनी ने प्रार्थना स्थल पर छात्र-छात्राओं को बताया कि अब मौसम बदल रहा है, जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है वैसे मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। ऐसे में अपने आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। विद्यालय में मध्यकालीन अवकाश के बाद छात्र-छात्राओं के मध्य एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें बच्चों द्वारा खूबसूरत कलाकृतियां बनाए जाने पर सर्वश्रेष्ठ कृतियों के रचनाकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से राजकुमार, अरुण, संजीव, नारायण स्वरुप शर्मा आदि अध्यापकों ने योगदान रहा। अंत में प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा ने विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन सुभाष चंद्र द्वारा किया गया।

REQUIREMENTS
Assistant Plant Operator - (10 Posts)
Intermediate (Chem.) / B.Sc. (Chem.)
Contact at :
RAVI ORGANICS LIMITED
G-14, Begrajpur Industrial Area, Muzaffarnagar-251203, U.P.
M. 7983015123, 9000444169
Email : hr.raviorganics@gmail.com

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया वन स्टॉप सैंटर का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रितीश सचदेवा ने वन स्टॉप सेंटर का औपचारिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंटर में कानूनी सहायता, परामर्श, पुनर्वास एवं अन्य सेवाओं का जायजा लिया तथा वहां उपस्थित पीड़िताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ चर्चा करते हुए महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता, त्वरित न्याय एवं आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन इस बार 10 मई को न्यायालय परिसर, मुजफ्फरनगर में किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लंबित एवं पूर्व विवादित वादों का त्वरित, सौहार्द पूर्ण एवं समझौतापूर्ण निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावे, भूमि अधिग्रहण, पारिवारिक विवाद, विद्युत एवं जल बिल संबंधी मामले, बैंक ऋण, राजस्व मामले एवं अन्य समझौता योग्य वादों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाता है, जिससे वादकारी पक्षों को त्वरित न्याय प्राप्त होता है तथा अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचा जा सकता है।

राष्ट्र सेविका समिति प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। राष्ट्र सेविका समिति मेरठ प्रांत का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग 9 से 15 अप्रैल तक सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज केशवपुरी, लक्ष्मी नगर में आयोजित किया गया, जिसमें 53 शिक्षार्थी 10 शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रारंभिक शिक्षा वर्ग में प्रथम से सप्तम दिवस तक विभिन्न चिंतन बिंदु जैसे मेरी मातृभूमि मंदिर है, जय जननी जय पुण्य धरा आदि बौद्धिक सत्र जैसे भारत में गुरू की महत्ता, सर्वश्रेष्ठ भारतीय संस्कृति आदि चर्चा सत्र भारत हमारी मां है, हम अस्मिता पर गर्व करें और संवाद सत्र में वंदनीय मौसी लक्ष्मीबाई केलकर व भक्त मीराबाई के जीवन प्रसंग आदि पर किया गया। संस्कार सत्र में देशभक्ति गीत, अहिल्याबाई नाटिका, भीकाजी कामा कथा प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए दिखाई गई। बाहर से आई बौद्धिक वक्ताओं में मुख्य रूप से ऋचा मेरठ, डॉ. अमिता सहारनपुर, दुर्गेश नंदिनी लक्ष्मी नगर, सरिता भाटिया सहारनपुर, सुकुंज बालाजी बिजनौर ने बौद्धिक सत्रों में सभी विषय लिए गए। प्रातः व सायं शाखा में योग, नियुद्ध, दंड, योग चाप, यष्टि, पद विन्यास आदि सिखाए गए। इस प्रारंभिक शिक्षा वर्ग सफल बनाने में डॉ. सुनीता गौड, डॉ. अरुणा गर्ग, मंजू महेश्वरी, नीति अग्रवाल, सुदेश, अनु, अनुपमा, अलका अग्रवाल, प्रीति, अंशु, सीमा, वनिता, सुशील राठी, सुचित्रा, मीरा, मीनाक्षी, रागिनी, प्रेरणा आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

किसान के दो पशु झुलसे, बाइक जली

सिखेड़ा, 15 अप्रैल (बु.)। क्षेत्र के गांव मिर्जा टीला निवासी किसान मिथुन पुत्र शोभाराम के यहां बिजली के तारों में फाल्ट होने से घर में आग लग गई। आग लगने से ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। ग्रामीण इकट्ठा होकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया, तब तक आग में दो पशु बुरी तरह से झुलस गए और किसान को बाइक जल गई। सूचना मिलने पर डॉ. मनजीत, दिनेश कुमार पायलट, सोहनवीर सिंह ने दोनों पशुओं का उपचार किया। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से पीड़ित किसान को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है।

कैबिनेट मंत्री का छपार में किया स्वागत

छपार, 15 अप्रैल (बु.)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि पीडितों की समस्या का समाधान कराना हो, सदैव उनका प्रयास रहा है। क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे है। कहा कि 2027 में फिर से भाजपा-रालोद गठबंधन की सरकार बनेगी, कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। गांव छपार में मंगलवार को विकास त्यागी के आवास पर पुरकाजी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का ग्रामीणों के द्वारा फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा कल्याणकारी योजनाएं चलाकर निरंतर विकास किया जा रहा है। पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में टूटी सड़कों को दोबारा बनवाया जा रहा है, कच्चे रास्ते पर खड़ंजा निर्माण कार्य चल रहा है, उनकी प्राथमिकता उनके पास आने वाली समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण कराना है। छपार-सिमर्थी मार्ग पर प्रतिदिन जाम लगा रहता है, जिससे बचाव के लिए छपार के बाहर बाइपास निर्माण कराने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है, शीघ्र ही निर्माण कार्य आरम्भ हो जायेगा। इसके अलावा पुरकाजी के खादर क्षेत्र में सोलानी नदी पर बांध निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत हो गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बांध निर्माण होने से बाढ़ का खतरा हमेशा के लिए समाप्त हो जायेगा। पुरकाजी-फलौदा मार्ग का चौड़ीकरण कराया जायेगा। सरवट से बझेड़ी मार्ग का चौड़ीकरण भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा व रालोद कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी और पात्र को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें। ग्रामीणों ने छपार में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए धर्मशाला बनवाने की मांग की। मंत्री ने ग्राम प्रधान को प्रस्ताव भेजने की बात कही है। इस दौरान मुख्य रूप से पंकज त्यागी, विजयपाल त्यागी, ग्राम प्रधान मनोज त्यागी, सुभाष नेताजी, विष्णु दत्त, ऋषिपाल एमडी, सियानंद त्यागी, तपेश शर्मा, किशोरीलाल, सचिन त्यागी मौजूद रहे।

टैक्सेसन बार एसोसिएशन ने उठाया मैच का आनन्द

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बुस.)। टैक्सेसन बार एसोसिएशन द्वारा एक क्रिकेट मैच का आयोजन टेक्सेसन बार एसोसिएशन एवं आयकर विभाग के मध्य अहलावत क्रिकेट एकेडमी पर किया गया, जिसमें मुनीश शर्मा एडवोकेट की कप्तानी में टेक्सेसन बार एसोसिएशन को 74 रन से विजय प्राप्त हुई। आयकर विभाग की टीम की कप्तानी अमिताभ श्रीवास्तव के द्वारा की गई। दोनों टीमों द्वारा खेल भावना का परिचय देते हुए 20-20 क्रिकेट मैच का पूरा आनन्द उठाया गया। उक्त आयोजन बार के फंक्शन चेयरमैन नीरज कुमार जैन एडवोकेट,अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता एडवोकेट एवं महासचिव आशीष अग्रवाल एडवोकेट के नेतृत्व में सपरिवार एक बहुत ही सफल आयोजन किया गया, जिसमें जलपान एवं अंत में सभी के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था बार के द्वारा की गई, जिसका सभी दर्शकों विशेष रूप से परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा भरपूर आनन्द उठाया गया।

पुलिस पर लगाए एकतरफा कार्रवाई के आरोप, न्याय न मिलने पर जहर खाने की चेतावनी

भोपा, 15 अप्रैल (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के मोरना कस्बे में 17 मार्च को नमाज के बाद मस्जिद के बाहर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना में घायल चांद ने उपचार के दौरान तीन दिन बाद दम तोड़ दिया था। मंगलवार को आरोपित पक्ष की महिलाएं एसएसपी ऑफिस पहुंचीं और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। आरोपित पक्

एमएमसी टाइटंस ने जीत लिया मैदान, किया एमपीएल टी-20 की ट्रॉफी पर कब्जा

▸ छह विकेट से मैच जीतकर बनाया कीर्तिमान, खिलाड़ियों में दिखा जोश ▸ एक लाख रुपए नकद, ट्रॉफी के साथ टीम को मिला सम्मान

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। आईपीएल की तर्ज पर मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमपीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में बेहतर रणनीति के बल पर मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज की टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करने में सफलता हासिल कर ली। मंगलवार को चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में फाइनल मैच में टॉस के वक्त उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर डॉ. युद्धवीर त्यागी, राकेश मिश्रा अध्यक्ष क्रिकेट डेवलपमेंट कमैटी उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में आईपीएल राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, लेकिन दूसरे विकेट में उनके उप कप्तान के आउट होने के बाद आराध्य और विवेक ने पारी को धीरे-धीरे आगे बढ़ाना शुरू किया, लेकिन दीपक राणा ने आराध्य को पांच रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। इस बीच निशांत ठाकुर 21, ऋतिक राणा 33, मुनीब के 33 रनों के बदौलत 20 ओवर में 147 रनों पर पूरी टीम सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी एमएमसी टाइटंस ने इस बीच अच्छी शुरूआत करने के साथ पहले ओवर में कुल 13 रन बनाए। ऋतिक अरोड़ा 15 रन और कार्तिकेय 11 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन मध्यम क्रम में पूरे टूर्नामेंट में शानदार बैटिंग कर रहे दीपक राणा ने 36 व ओनिक राणा 27 रनों की पारी खेलते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। आखिरी 21 गेंदों पर 36 रन बनाकर ऋतिक वत्स ने खेल अपनी ओर करने के साथ टीम को 6 विकेट से जीत दिलाने के साथ ट्रॉफी एमएमसी राइटंस के नाम कराने में योगदान दिया। एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमपीएल टी-20 के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अरविंद श्रीवास्तव सचिव

यूपी क्रिकेट एसोसिएशन और डीएस चौहान चेयरमैन गवर्निंग काउंसिल यूपी क्रिकेट एसोसिएशन, अतिथि के रूप में रियासत अली सह सचिव यूपी क्रिकेट एसोसिएशन मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने टी-20 विजेता टीम को एक लाख रुपए नगद व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए नकद एवं व्यक्तिगत पुरस्कार दिया गया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच ऋतिक वत्स रहे। वहीं मैन ऑफ द सीरीज दीपक राणा को चुना गया। दीपक राणा को 5,100 रुपए नगद और डॉ. तारिक की ओर से दुबई का ट्रिप दिया गया। इस दौरान मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने सभी खिलाड़ियों एवं अतिथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सबके सहयोग के बिना इस तरह का आयोजन करना संभव नहीं था। मैच में रवि कौशिक व मौ. आदिल जैदी ने निर्णायक की भूमिका निभाई मौ. शाहिद थर्ड अंपायर के रूप में मौजूद रहे। स्कोरिंग का दायित्व पलक शर्मा एवं अपूर्व यादव ने निभाई। इस पूरे टूर्नामेंट में अनवर सिद्दीकी मैदान व टीवी कमेंटेटर रहे। फाइनल मैच में आईपीएल के तर्ज पर चीयर गर्ल्स ने चौकों और छक्कों पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद आदि मौजूद रहे।

ऐसे आयोजन ही खिलाड़ियों के टैलेंट को आगे लाने में बनते हैं मददगार : अरविन्द श्रीवास्तव

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुए एमपीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि यूपीसीए के सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं के टैलेंट को आगे लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि यहां से बहुत से युवा आगे भारत के लिए खेलेंगे। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यह बात ध्यान में रखेगी कि जनपद मुजफ्फरनगर में इस तरह का शानदार आयोजन किया गया जो प्रतिभाओं को खोजने का बड़ा काम कर रहा है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से इस दौरान अरविंद श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डीएस चौहान ने कहा कि वास्तव में लिमिटेड क्रिकेट में आज युवाओं के पास शानदार मौके हैं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर के साथ शामली और आसपास के युवाओं को एक साथ खेलते हुए देखकर बहुत अच्छा लग रहा है, जिसके लिए मैं मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने क्रिकेट का शानदार आयोजन कराया। इस दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सह सचिव रियासत अली ने कहा कि जिस तरीके से मैदान और विकेट को तैयार किया गया और युवाओं को बेहतर खेल का माहौल दिया गया उससे युवाओं को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मंगलवार को स्टेडियम में संपन्न फाइनल क्रिकेट मैच में मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, एसडी पब्लिक स्कूल के सचिव आकाश कुमार, बिंदल ग्रुप से राकेश बिंदल, गर्ग डुप्लेक्स से राजेश जैन, उद्यमी भीम कंसल, अजय जैन सीए, व्यापारी नेता संजय मित्तल, वसुन्धरा रेजीडेंसी के डायरेक्टर अमित चौधरी, अमित गर्ग, महेश जिंदल, सचिन बिंदल, कुशपुरी, अजय कपूर समेत बड़ी संख्या में उद्यमी, व्यापारी एवं जनपद भर से गणमान्य मौजूद रहे।

सोनिया-राहुल गांधी पर नया संकट, नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने बनाया आरोपी

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (एजेंसी)। नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी ने चार्जशीट दाखिल कर ली है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में एऊ ने चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर की है। यह मामला एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में अभियोजन शिकायत (प्रोसिक्यूशन कंप्लेंट) दाखिल की है। इस चार्जशीट में सुमन दुबे और अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। कोर्ट ने इस मामले में आरोपों पर संज्ञान लेने की सुनवाई की तारीख 25 अप्रैल तय की है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर दुबई से आए यात्री से 75.6 करोड़ रुपये की 7.56 किलो कोकीन जब्त

नयी दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता) राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दुबई से आए एक भारतीय नागरिक को नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर उसके पास से 7.56 किलोग्राम कोकीन जब्त की जिसका मूल्य 75.6 करोड़ रुपये आंका गया है। एजेंसी ने एक वक्तव्य में मंगलवार को बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण अभियान में विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई सोमवार को की गयी कार्रवाई में यह सफलता मिली। एजेंसी ने बताया है कि यात्री के सामान की गहन तलाशी के बाद पता चला कि उसमें पांच खाली हैंडबैग और पर्स थे। इन पांच हैंड बैगों की अंदरूनी परतों को खोलने पर उनमें छिपाकर रखे गए सफेद रंग के पाउडर के 10 पैकेट मिले, जिनका वजन 7.56 किलोग्राम था और जिनकी कीमत लगभग 75.6 करोड़ रुपये थी। पैकेट में रखी चीज का परीक्षण करने पर कोकीन पाया गया। पकड़े गए व्यक्ति को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया।

फिरोजाबाद में डीएम कार्यालय में बम की झूठी सूचना से हड़कंप

फिरोजाबाद 15 अप्रैल (वार्ता) फिरोजाबाद में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ जिसमें दावा किया गया था कि डीएम कार्यालय में विस्फोटक सामग्री रखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। तत्काल प्रभाव से बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और विशेष जांच दल को मौके पर भेजा गया। पूरे कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की गहनता से जांच की गई, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि ईमेल के माध्यम से मिली धमकी की सूचना पर गंभीरता से कार्रवाई की गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और साइबर क्राइम यूनिट द्वारा ईमेल की जांच शुरू कर दी गई है।

यूपी में 7191 और ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

लखनऊ, 15 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश सरकार के वर्ष 2025 के अंत तक राज्य को टीबी मुक्त करने की मुहिम रंग ला रही है। प्रदेश में अब तक आठ हजार 563 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं जबकि अन्य ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयास जारी हैं। खास बात यह है कि इनमें से 435 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जो लगातार दूसरे वर्ष टीबी मुक्त घोषित हुई हैं। राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर के अनुसार प्रदेश में कुल 57 हजार 783 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से वर्ष 2023 में 1372 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी थीं। वर्ष 2024 में 7191 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्जा प्राप्त किया है । हाल ही में जिला स्तर पर इन सभी ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन पंचायतों को टीबी मुक्त करने में महिला ग्राम प्रधानों ने भी अहम भूमिका निभाई है।

फिर से आया भयंकर भूकंप, पहाड़ से गिरने लगे पत्थर

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (एजेंसी)। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि सोमवार (14 अप्रैल) सुबह सैन डिएगो में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके लॉस एंजिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के कई इलाकों में महसूस किए गए। यूएसजीएस के मुताबिक, यह भूकंप जमीन के काफी पास था और इसका केंद्र सैन डिएगो काउंटी में जूलियन शहर से करीब 4 किलोमीटर (2.5 मील) दक्षिण में था। सैन डिएगो में आए भूकंप की वजह से लोगों के घरों में अलमारियां हिलने लगीं और लैंप झूलने लगे। इस बीच यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भी इस भूकंप की पुष्टि की है और लोगों को चेतावनी दी है कि आगे भी झटके आ सकते हैं। ईएमसीएस ने एक्स पर लिखा, "अगले कुछ घंटे या दिन में और झटके महसूस हो सकते हैं, जब तक जरूरी न हो, उन इलाकों में न जाएं जो भूकंप से प्रभावित हुए हैं। कृपया सतर्क रहें और सरकारी निर्देशों का पालन करें।" अर्थ प्रेडिक्शन नाम की एक संस्था ने कैलिफोर्निया में भूकंप को लेकर 48 घंटे की चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि "सभी पूवार्नुमान मॉडल एक ही बात कह रहे हैं कि दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक बड़ा भूकंप तय है, जो मालिबू के 100 मील के दायरे में आ सकता है। तारीख 14 से 16 अप्रैल के बीच (संभावना 15 अप्रैल को)। कृपया अपने दोस्तों और परिवार को सावधान करें। इस भूकंप का असर लॉस एंजिल्स काउंटी तक महसूस किया गया, जो भूकंप के केंद्र से करीब 120 मील (193 किलोमीटर) दूर है। भूकंप के बाद कई छोटे-छोटे झटके भी महसूस हुए। जूलियन में 1870 के दशक से चल रही एक पुरानी सोने की खदान के मालिक पॉल नेल्सन ने बताया, "मुझे लगा कि खिड़कियां टूट जाएंगी, क्योंकि वो बहुत ज्यादा हिल रही थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि जोरदार झटकों की वजह से किचन के काउंटर पर रखे फोटो फ्रेम नीचे गिर गए।

मुर्शिदाबाद हिंसा में बड़ा खुलासा: 3 महीने से चल रही साजिश, तुर्किए से आया पैसा, 500-500 रुपए बंटे

मुर्शिदाबाद, 15 अप्रैल (एजेंसी)। वक्फ कानून के विरोध पश्चिम बंगाल में भारी हिंसा देखने को मिली, मुर्शिदाबाद में हिंसा में 3 लोगों की मौत, सैकड़ों लोग घायल हुए, तो वहीं कई लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरी जगह ठिकाना लेना पड़ा है। हिंसा को देखते हुए केंद्रीय सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। इसके साथ ही हिंसा वाले इलाके में कड़ा पहरा है। इस बीच मुर्शिदाबाद दंगा मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। भारतीय जांच एजेंसियों के सूत्रों की मानें, तो इस हिंसा की प्लानिंग लंबे समय से की जा रही थी। पिछले 3 महीनों से इलाके के लोग इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इसके लिए विदेशों से फंडिंग की गई थी। मुर्शिदाबाद हिंसा की प्लानिंग और पूरे खर्च का दारोमदार तुर्की के भरोसे चल रहा था, यहीं से हिंसा को लेकर पूरा फंड दिया जा रहा है। जांच एजेंसियों की मानें तो इस योजना में शामिल हर हमलावर और पत्थरबाजों को लूटपाट के लिए 500 रुपये दिए गए थे। इनकी पिछले 3 महीनों से लगातार ट्रेनिंग चल रही थी। साजिशकर्ताओं ने बंगाल को भी बांग्लादेश बनाने की योजना बनाई थी, जैसे दंगे बांग्लादेश हिंसा में देखने को मिले थे। ठीक वैसे ही यहां भी प्लान था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी से कहूंगी कि सभी को अनुमति लेकर शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार है, लेकिन कानून अपने हाथ में न लें। चाहे कोई भी हो। कानून तोड़ने वालों की कोई जरूरत नहीं है, जो शांत दिमाग रखता है, वही जीतता है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। मुर्शिदाबाद में पहले से ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के करीब 300 जवान तैनात हैं और केंद्र ने व्यवस्था बहाल करने में मदद के लिए केंद्रीय बलों की पांच अतिरिक्त कंपनियां तैनात की हैं।

प्रशिक्षु आईपीएस के हाथ में आई शहर कोतवाली की कमान

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। शहर कोतवाली में लम्बे समय से बतौर शहर कोतवाल के रूप में कार्यरत रहे अक्षय शर्मा के गैर जनपदीय तबादले के बाद आज उन्हें कोतवाली में विदाई दी गई। शहर कोतवाली का चार्ज संभालते ही ट्रेनी आईपीएस राजेश धुनावत ने कोतवाली का स्थलीय निरीक्षण किया और अधीनस्थों को अपनी कार्य प्रणाली के बारे में संकेत दिए। कोतवाली में इंस्पेक्टर के रूप में लंबे समय तक कार्यरत रहे अक्षय शर्मा के गैर जनपदीय तबादले के बाद मंगलवार में नगर कोतवाली का चार्ज विधिवत ट्रेनी आईपीएस राजेश धुनावत ने संभाल लिया। मंगलवार को नगर कोतवाली में आयोजित विदाई समारोह में अक्षय शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बता दें, चरथावल थाने से नगर कोतवाली में प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में मंगलवार को कोतवाली की एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देश पर राजेश धुनावत को अब जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो अब तक चरथावल थाने में थानेदारी के गुर व पुलिसिंग की बारीकियां सीख रहे थे। अब उन्हें कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। नए थानेदार के रूप में चार्ज संभालने के बाद ट्रेनी आईपीएस राजेश धुनावत ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम से आवासीय परिसर तक निरीक्षण किया। वहीं साइबर सेल/ सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजीआरएस सेल, कोतवाली कंपाउंड, आवासीय परिसर और जब्त वाहनों का जायजा लिया।

भाभी की हत्या में वांछित चल रहा देवर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान में सिखेड़ा पुलिस ने हत्या में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 12 अप्रैल दिन शुक्रवार की है, जब

सोने के लालच में हत्या कर बोरे में भर दिया था शव

अश्वनी उर्फ रॉबिन पुत्र स्वर्गीय यशपाल सिंह निवासी दौलतपुर ने थाना सिखेड़ा में जाकर अपनी माता की गुमशुदगी की पुलिस को सूचना दी। मामले का संज्ञान लेते हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, जिसमें पुलिस द्वारा क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाले तो घटना से जुड़ा एक बड़ा खुलासा हुआ, जिसमें एक युवक मोटर साइकिल पर एक बोरा लेकर जाता हुआ दिखाई दिया, जिसकी पहचान भंवर सिंह पुत्र स्व. कवल सिंह निवासी दौलतपुर निवासी थाना सिखेड़ा मुजफ्फरनगर के रूप में हुई, जिसको लेकर मृतका का शव थाना क्षेत्र सरधना मेरठ के पास रजवाहे से बरामद किया ओर आरोपी के खिलाफ परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा अपराध संख्या 45/2025 बीएनएस की धारा 103(1)/238(1) को पंजीकृत किया गया तथा घटना को गंभीरता से देखते हुए टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई, तो हत्यारोपी भंवर मीरापुर-मुजफ्फरनगर हाईवे पर बहादुरपुर कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार के कब्जे से अमृता के दो कुंडल पीले धातु को अभियुक्त द्वारा हत्या में अपने घर में छुपाई गयी मृतका की धोती व उसके कपड़े कुर्ता व लोअर बरामद किया है। पुलिस की माने तो अभियुक्त भंवर सिंह ने बताया कि मेरी भाभी सरोज पत्नी स्व. यशपाल सिंह अपने परिवार के साथ गांव में रह रही थी। तारीख 11 अप्रैल 2025 की सुबह मैं मुजफ्फरनगर में दौलतपुर गांव गया था और अपने घर के सामने खड़ा था, तभी मेरी भाभी खेत पर जाने के लिए हाथ में दरांती लिए अपने घर से आ रही थी, जिसको रास्ते में रोककर मैं बात करने लगा तथा कानों में बड़े कुंडल देखकर मेरे मन में लालच आ गया, जिसके बाद उनको अपने खाली पड़े घर में ले जाकर उनके दुपट्टे से ही मुंह दबाकर उनकी हत्या कर उनके कानों के कुंडल उतार लिये तथा मृतका की धोती व अपने पहने कपड़ों को उतार घर में छुपा दिया। उसके बाद शव को बोरे में भरकर मंसूरपुर जाने वाले रास्ते पर राजवाहे पर फेंक दिया। फिलहाल हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है, जिसको जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही थी।

सीएमओ डॉ. तेवतिया से मिले स्वामी ओमानन्द महाराज

अस्पताल में स्वामी कल्याण देव की प्रतिमा लगाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। शुक्रतीर्थ स्थित शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने मंगलवार को जिला अस्पताल में पहुंच मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की और चिकित्सालय में स्वामी कल्याणदेव महाराज की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। इस बीच उन्होंने सीएमओ से यहां मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में भी विचार मंथन किया।

मंगलवार को शुकदेव आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ अस्पताल में पहुंचे, जहां उन्होंने सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय का नाम स्वामी कल्याण देव जी महाराज के नाम पर है, ऐसे में यहां उनकी प्रतिमा का होना उचित होगा। सीएमओ डॉ. तेवतिया ने ओमानंद स्वामी जी की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शासन से अनुमति लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी प्रतिमा के लिए कोई स्थान तय नहीं है, लेकिन जैसे ही अनुमति मिल जाएगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। बता दें, स्वामी कल्याणदेव तीन सदी के युगद्रष्टा' के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने शिक्षा व गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया। मुजफ्फरनगर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित किए 300 से अधिक संस्थान हैं, इनमें शिक्षण संस्थान, वृद्धाश्रम व चिकित्सालय शामिल हैं।

बहराइच में बस की टक्कर से ऑटो सवार सात की मौत, दस घायल

बहराइच 15 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बहराइच के पयागपुर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार डबल डेकर बस की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा पर सवार दो मासूम बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गयी जबकि दस अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया हुजूरपुर क्षेत्र निवासी 16 लोग एक वालीमा में शामिल होने के लिये ऑटो रिक्शा पर सवार होकर जा रहे थे कि रास्ते में इमलिया के पास तेज रफ्तार बस ने ऑटो को ठोकर मार दी। इस हादसे में आटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गये और सभी यात्री गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बहराइच मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां इलाज के दौरान सात लोगों की मौत हो गई जबकि चालक समेत 10 की हालत गंभीर बनी हुयी है। मृतकों में अजीम (12), फहद (05), मरियम(65), अमजद(45) और मुन्नी (45) और दो अन्य शामिल हैं।



बंगाल में दंगाइयों को मिली है खुली छूट, लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे : योगी आदित्यनाथ

हरदोई 15 अप्रैल (वार्ता) पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जारी हिसा पर चिंता जताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ममता सरकार ने धर्म निरपेक्षता के नाम पर दंगाइयों की खुली छूट दे रखी है। श्री योगी ने यहां 700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि पश्चिम बंगाल में जारी हिसा पर धर्म निरपेक्षता का ढिढोरा पीटने वाली कांग्रेस, सपा और टीएमसी के मुंह पर ताले पड़ गये हैं। बंगाल जल रहा है लेकिन वहां की स्थिति पर मुख्यमंत्री चुप है। वह दंगाइयों को शांतिदूत कह रही हैं जबकि लातो के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की छूट दे रखी है। वहां के लोगों की आपने पीड़ा सुनी होगी लेकिन मुर्शिदाबाद के दंगों पर कांग्रेस मौन है, टीएमसी मौन है और यह लोग धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं। बांग्लादेश के अंदर जो हुआ उसका बेशर्मी के साथ समर्थन कर रहे हैं अगर उन लोगों को बंगलादेश अच्छा लगता है तो उनको बांग्लादेश ही चले जाना चाहिए। ऐसे लोग भारत की धरती पर बोझ क्यों बने हुए हैं। उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को लेकर भी विपक्षी दलों पर करारा प्रहार किया। हरदोई में माधौगंज के रुइया गढ़ी में अमर सेनानी नरपत सिह के शौर्य दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को मंच से संबोधित करते हुए कहा '' आप याद करिए 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश को हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होता था,इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है,बिना डंडे के मानेंगे नहीं,आप देख रहे होंगे बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं अरे लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं लेकिन सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है,पूरा मुर्शिदाबाद पिछले एक सप्ताह से जल रहा है सरकार मौन है।इस तरह की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए।'' योगी ने कहा ''इस बात के लिए वहां कि माननीय न्यायालय की सराहना करनी चाहिये जिन्होंने वहां पर केंद्रीय बलों की तैनाती करके वहां के अल्पसंख्यक हिदुओं की सुरक्षा की व्यवस्था करने के लिए कदम उठाया है और वहां पर केंद्रीय बल आज तैनात है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की आभारी है जिन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम पारित करके गरीबों की जमीनों पर सार्वजनिक जमीनों पर पड़ने वाली डकैती पर लगाम लगाने का काम इस संशोधन अधिनियम के माध्यम से पारित किया है। अब ये जमीन जो वापस आएगी। इस जमीन पर हॉस्पिटल बनेंगे, गरीबों के लिए मकान बनेंगे स्कूल विश्वविद्यालय बनेंगे निवेश के लिए लैंड बैंक बनेगा लेकिन जमीन पर किसी को कब्जा करने गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। इसलिए ये लोग परेशान हैं जमीन के नाम पर जो लूट थी वो रुकने वाली है। उसमें इन लोगों को परेशानी है परेशानी इस बात की कि अब गुर्गे खाली हो जायेंगे जो पहले जनता को लूटते थे इनको भय है कि इनके द्वारा पाले गए ये गुर्गे कहीं भस्मासुर हुए तो कहीं इन्हीं को न लूटने लग जाएं इनके द्वारा अकूत संपत्ति अर्जित की गई है। भय के कारण जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं। जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं लेकिन गुमराह होने की आवश्यकता नहीं है। हमें देश के संविधान पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर बनाए गए संविधान पर विश्वास करना है।

दुकान की खिड़की तोड़कर चोरी

खतौली, 15 अप्रैल (बु.)। मात्र छह माह में बीती रात दूसरी बार अज्ञात चोर सड़क किनारे स्थित खोखे की खिड़की तोड़कर नकदी सहित सामान चोरी कर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार विजयपाल निवासी सैनीनगर में आवास कॉलोनी के सामने जीटी रोड पर ब्लॉक कार्यालय के बाहर लोहे के खोखे में खाने-पीने का सामान बेचकर अपने परिजनों का पालन पोषण करता था। बताया जाता है कि बीती रात विजयपाल अपनी खाद्य सामग्री की दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। मंगलवार की सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने आया तो अपने लोहे की दुर्दशा देखकर उसके होश उड़ गए। अज्ञात बदमाश उसके खोखे के पिछले हिस्से में लगी खिड़की तोड़कर खोखे में घुस गए और गल्ले में रखी नकदी सहित कीमती सामान चोरी कर फरार हो चुके थे। पीड़ित का कहना है कि विगत छह माह पूर्व भी उसके खोखे को तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़ित दुकानदार विजयपाल द्वारा कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है।

आगामी विधानसभा चुनाव में सपा का होगा सूपड़ा साफ : केशव

प्रयागराज,15 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को दावा किया कि विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी (सपा) का सूपड़ा साफ हो जएगा। उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ रवाना होने से पहले सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेंट कर आगामी जिला पंचायत और 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में मजबूती से जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2027 में सपा बहादुर अखिलेश यादव अपनी पार्टी का सूपड़ा साफ होने की आशंका से बौखला गये हैं। इस कारण वह अनर्गल बयानबाजी कर सामाजिक ताना-बाना तोड़ने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ''सबका साथ, सबका विकास'' के मंत्र पर काफ़ी